**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 30.07.2025 (संध्या–1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कल से दो दिवसीय झारखंड दौरे को लेकर राज्य में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम, रांची में एयरपोर्ट से राजभवन तक नो फ्लाइंग जोन घोषित, धनबाद में प्रशासन ने लिया तैयारियों का जायजा, अधिकारियों और सुरक्षाकर्मियों की स्वास्थ्य जांच जारी।**
2. **स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने जामताड़ा में 50 बेड के स्पेशलिस्ट अस्पताल का किया शिलान्यास, कहा– स्थानीय और गरीब मरीजों को मिलेगी बेहतर चिकित्सा सुविधा।**
3. **रांची से अपहृत 11 वर्षीय छात्रा रामगढ़ से सकुशल बरामद, पुलिस की घेराबंदी से घबराकर अपहर्ताओं ने बच्ची को सड़क पर फेंका, गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी।**
4. **खूंटी में बाल तस्करी रोकथाम को लेकर आयोजित किशोर–किशोरी संवाद कार्यक्रम में 16 राज्यों के प्रतिनिधि हुए शामिल, कार्यक्रम में कानूनी सहायता, कल्याण योजनाओं और पुनर्वास के सफल मॉडल पर हुई विस्तृत चर्चा।**
5. **मौसम विभाग ने कल रांची समेत 15 जिलों में गरज–चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश की जताई संभावना।**

**और अब समाचार विस्तार से**

**********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कल अपने दो दिवसीय दौरे पर झारखंड पहुंचेंगी। उनके आगमन को लेकर झारखंड पुलिस ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं। रांची में राष्ट्रपति के प्रस्तावित दौरे को लेकर सुरक्षा के मद्देनजर नो फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से लेकर राजभवन तक 200 मीटर की परिधि में ड्रोन, पैरा ग्लाइडिंग और हॉट एयर बलून की उड़ान पर रोक लगाई गई है। यह निषेधाज्ञा 31 जुलाई सुबह 6 बजे से 1 अगस्त रात 10 बजे तक प्रभावी रहेगी।

इधर धनबाद के आईआईटी आईएसएम में 1 अगस्त को होने वाले राष्ट्रपति के कार्यक्रम की तैयारियों का निरीक्षण आज उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने किया। उपायुक्त और वरीय पुलिस अधीक्षक ने प्रेसिडेंट सुइट, वीआईपी आवासन, ग्रीन रूम, कार्यक्रम स्थल तक के मार्ग एवं प्रवेश–निकास द्वार सहित तमाम व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उपायुक्त आदित्य रंजन ने बताया कि सभी एजेंसियों को राष्ट्रपति प्रोटोकॉल के अनुसार सारी तैयारियाँ समय पर पूरी करने का निर्देश दिया गया है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के संभावित दौरे को लेकर धनबाद में सुरक्षा ड्यूटी में तैनात प्रशासनिक कर्मियों की मेडिकल जांच शुरू हो गई है। सदर अस्पताल के मेडिकल ऑफिसर डॉ टी.पी. पांडे ने बताया कि 56 में से अब तक 40 कर्मियों की जांच पूरी हो चुकी है और सभी को फिट पाया गया है।

**********************

स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने आज जामताड़ा में 50 बेड के स्पेशलिस्ट अस्पताल का शिलान्यास किया। मौके पर उन्होंने कहा कि इस अस्पताल के निर्माण से स्थानीय लोगों को बेहतर और सहज चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी, खासकर गरीब मरीजों को अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ होंगी।

**********************

रांची से अपहृत 11 वर्षीय स्कूली छात्रा को रांची और रामगढ़ पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में रामगढ़ के कुजू इलाके से सकुशल बरामद कर लिया गया। पुलिस की तत्परता और घेराबंदी के चलते अपहर्ता बच्ची को कुजू के पास कार से धक्का देकर फरार हो गए, जिसके बाद पुलिस ने बच्ची को सुरक्षित बरामद किया। रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने बताया कि बच्ची पूरी तरह स्वस्थ है और अपराधियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

**********************

खूंटी में बाल तस्करी के विरुद्ध किशोर किशोरी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 16 राज्यों के किशोरों और प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में ट्रैफिकिंग के मामलों में कानूनी सहायता, कल्याणकारी योजनाओं और पुनर्वास पर विस्तृत चर्चा हुई। साथ ही एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट और जिला प्रशासन द्वारा बाल तस्करी के विरुद्ध किए जा रहे प्रयासों की सराहना की गई। मौके पर बाल कल्याण संघ के संस्थापक संजय कुमार मिश्र ने कहा कि खूंटी का यह मॉडल अन्य राज्यों के लिए प्रेरणा बन सकता है, जहां ट्रैफिकिंग पीड़ित बच्चों को खेल और मानसिक सशक्तिकरण से जोड़ा जा रहा है।

**********************

सरायकेला–खरसावां में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष जानकी प्रसाद यादव और अन्य सदस्यों ने आदित्यपुर नगर निगम के वार्ड संख्या 13 और 16 का भ्रमण कर मतदाता सूची की जमीनी सत्यता की जांच की। आयोग ने

वोटर कार्ड के आधार पर जाति श्रेणी, मतदान केंद्र और पोर्टल पर दर्ज जानकारी का मिलान किया। आयोग अध्यक्ष श्री यादव ने बताया कि ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया पूर्ण होते ही आयोग चुनाव आयोग को रिपोर्ट सौंप देगा, जिससे 2025 में नगर निकाय चुनाव संभव हो सके।

******************

धनबाद में झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा मिलन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें टुंडी विधायक मथुरा महतो, जिलाध्यक्ष लकी सोरन और व्यवसायी मोर्चा अध्यक्ष हरीश सिंह समेत कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। टुंडी विधायक मथुरा महतो ने जानकारी दी कि कार्यक्रम में संगठनात्मक मजबूती और कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने पर चर्चा हुई।

******************

हजारीबाग में झारखंड प्रदेश ओबीसी कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सुरजीत नागवाला ने प्रेस वार्ता कर 6 अगस्त को रांची स्थित राजभवन के समक्ष घेराव की घोषणा की। उन्होंने बताया कि यह आंदोलन ओबीसी आरक्षण को 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत करने, जाति जनगणना कराने, पिछड़ा वर्ग मंत्रालय गठन और 50 प्रतिशत आरक्षण सीमा समाप्त करने की मांग को लेकर किया जा रहा है।

******************

लातेहार जिले के महुआडांड़ स्थित लोध जलप्रपात को एक सप्ताह के लिए बंद कर दिया गया है। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता—

******************

मौसम विभाग ने कल रांची, लोहरदगा, गुमला, समेत 15 जिलों में गरज—चमक के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा की संभावना जताई है। साथ ही अनुमान है कि अगले दो दिनों तक अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा, इसके बाद इसमें 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि संभावित है। मौसम विभाग के अनुसार मानसूनी ट्रफ रेखा राज्य से होकर गुजर रही है, जिससे नमी युक्त हवाएं सक्रिय हैं।

******************

रांची में आज खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय द्वारा दो दिवसीय कोचेस स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन पर्यटन, कला—संस्कृति, खेलकूद एवं युवा मामलों के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने मोरहाबादी स्थित जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य के प्रशिक्षकों को खेल प्रशिक्षण की आधुनिक तकनीकों, एंटी—डोपिंग जागरूकता, शारीरिक फिटनेस एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण से खेल प्रबंधन की जानकारी दी जा रही है। मंत्री ने अपने संबोधन में प्रशिक्षकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया और खेलों के विकास में उनकी भूमिका की सराहना की।

***************